कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. - 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेंल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 417/2026

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 03.11.2026

☐ वार्षिक निरीक्षण 2026 के द्वितीय दिवस के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी श्री नवीन अरोरा द्वारा पुलिस लाइन आजमगढ़ में परेड की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण।

☐ परेड में सम्मिलित 09 टोलियों का निरीक्षण कर बैंड एवं डॉग स्क्वायड का लिया गया जायजा, उत्कृष्ट टर्नआउट वाले पुलिसकर्मी सम्मानित।

☐ वामा सारथी उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन ग्राउंड में क्रिकेट प्रैक्टिस नेट एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु स्थापित 04 हाईमास्ट लाइटों का किया गया उद्घाटन।

☐ पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं एवं सुविधाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

☐ सैनिक सम्मेलन में पुलिसकर्मियों की समस्याओं एवं वेतन विसंगतियों को सुनकर समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को किया गया निर्देशित।

➡☐ आज दिनांक 03.11.2026 को जनपद आजमगढ़ में चल रहे वार्षिक निरीक्षण के द्वितीय दिवस के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी श्री नवीन अरोरा द्वारा पुलिस लाइन आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, आजमगढ़ परिक्षेत्र श्री सुनील कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार सहित अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री मानुष पारीक, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात श्री पंकज श्रीवास्तव, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारीगण तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त विभिन्न जनपदों से आए भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अधिकारीगण श्री सम्यक चौधरी (जनपद जौनपुर), श्री विक्रम दहिया (जनपद चंदौली), श्री राजकुमार मीणा (जनपद मिर्जापुर), श्री ऋषभ रुदवाल एवं सुश्री मेवीस वॉक (जनपद सोनभद्र) तथा श्री शुभम अग्रवाल (जनपद भदोही) भी निरीक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण-

➡☐ अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा सर्वप्रथम पुलिस लाइन आजमगढ़ पहुंचकर परेड की सलामी ली गई। इसके उपरांत परेड में सम्मिलित कुल 09 टोलियों का निरीक्षण किया गया। सभी टोलियों को मंच के सामने से गुजारकर उनके टर्नआउट, अनुशासन एवं साज-सज्जा का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त टोलियों का अलग-अलग संचालन कराकर उनकी दक्षता एवं अनुशासन का जायजा लिया गया।

➡☐ निरीक्षण के दौरान बैंड पार्टी एवं डॉग स्क्वायड का भी निरीक्षण किया गया। परेड में उत्कृष्ट टर्नआउट एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न जनपदों से आए आईपीएस अधिकारियों द्वारा भी परेड की टोलियों का निरीक्षण किया गया।

पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण-

➡☐ परेड के निरीक्षण के उपरांत अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा पुलिस लाइन परिसर में स्थापित विभिन्न शाखाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में डॉग स्क्वायड, डायल-112 के वाहनों एवं उनमें उपलब्ध विभिन्न उपकरणों, मेस, आरक्षी बैरक, जूडो-कराटे प्रशिक्षण स्थल एवं जिम, क्रेच नन्ह सितार तथा क्वार्टर गार्ड का निरीक्षण किया गया।

➡☐ इसके अतिरिक्त एमटी शाखा का निरीक्षण कर वाहनों की उपलब्धता, रखरखाव एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने, उपकरणों एवं संसाधनों का उचित रखरखाव करने तथा पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सैनिक सम्मेलन-

➡ निरीक्षण कार्यक्रम के उपरांत अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा पुलिस लाइन आजमगढ़ में पुलिसकर्मियों के साथ सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में उपस्थित पुलिसकर्मियों से उनकी व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

➡ इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा वेतन संबंधी विसंगतियों एवं अन्य विभागीय समस्याओं को अपर पुलिस महानिदेशक महोदय के समक्ष रखा गया। अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा सभी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके नियमानुसार एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

➡ अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा पुलिसकर्मियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं पूर्ण मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा आमजन के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया।

थाना सिधारी का वार्षिक निरीक्षण

वार्षिक निरीक्षण-2026 के द्वितीय दिवस के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी श्री नवीन अरोरा द्वारा थाना सिधारी का वार्षिक निरीक्षण किया गया।

थाना कार्यालय के अभिलेखों, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस एवं थाना परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आगामी त्योहार धनतेरस, दीपावली एवं छठ पर्व के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण, नियमित पैदल गश्त, प्रभावी वाहन चेकिंग एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

➡ आज दिनांक 03.11.2026 को वार्षिक निरीक्षण-2026 के द्वितीय दिवस के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी श्री नवीन अरोरा द्वारा जनपद आजमगढ़ के थाना सिधारी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक, आजमगढ़ परिक्षेत्र श्री सुनील कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री मानुष पारीक सहित जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त गैर जनपद से आए आईपीएस अधिकारीगण श्री सम्यक चौधरी (जनपद जौनपुर), श्री विक्रम दहिया (जनपद चंदौली), श्री राजकुमार मीणा (जनपद मिर्जापुर), श्री ऋषभ रुदवाल एवं सुश्री मेवीस वॉक (जनपद सोनभद्र) तथा श्री शुभम अग्रवाल (जनपद भदोही) भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

थाना सिधारी का वार्षिक निरीक्षण-

➡ अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा सर्वप्रथम थाना परिसर में पहुंचकर सलामी गार्द का निरीक्षण किया गया तथा गार्द के टर्नआउट, अनुशासन एवं सलामी की गुणवत्ता का जायजा लिया गया। इसके उपरांत थाना कार्यालय में रखे विभिन्न अभिलेखों, अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, जनशिकायत रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर एवं अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया गया। अभिलेखों को अद्यावधिक रखने एवं सभी प्रविष्टियां समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

➡ थाना परिसर में स्थित मालखाना, माल मुकदमाती एवं शस्त्रागार का निरीक्षण कर माल मुकदमाती के सुरक्षित रखरखाव, शस्त्रों एवं कारतूसों की उपलब्धता तथा उनके रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया गया। हवालात का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं साफ-सफाई की व्यवस्था देखी गई।

➡ महिला हेल्प डेस्क एवं साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर पीड़ितों एवं शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुनने तथा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति से संबंधित गतिविधियों एवं महिला संबंधी अपराधों में की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा की गई।

➡ सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण कर ऑनलाइन अभिलेखों एवं पोर्टल पर की जा रही प्रविष्टियों की स्थिति का जायजा लिया गया। लंबित विवेचनाओं, लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

➡ थाना परिसर, कार्यालय, बैरक, भोजनालय एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

➡ हिस्ट्रीशीटरों एवं सक्रिय अपराधियों की निरंतर निगरानी रखने, बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने तथा क्षेत्र में घटित होने वाली आपराधिक गतिविधियों की जानकारी संकलित कर समय रहते निरोधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। शस्त्र संचालन के संबंध में पुलिसकर्मियों की दक्षता की जानकारी लेते हुए नियमित अभ्यास कराने हेतु भी निर्देशित किया गया।

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत दिशा-निर्देश-

➡ आगामी त्योहार धनतेरस, दीपावली एवं छठ पर्व के दृष्टिगत थाना क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, नियमित पैदल गश्त एवं प्रभावी वाहन चेकिंग करने तथा संवेदनशील स्थानों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर विशेष निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया।

➡ त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, जाम की स्थिति उत्पन्न न होने देने, अवैध अतिक्रमण हटवाने तथा पर्याप्त पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा गया।

➡ थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम चौकीदारों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारा कायम रखने हेतु निर्देशित किया गया।

जनशिकायतों एवं पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा-

➡ अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने तथा उनकी शिकायतों का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

➡ थानाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर उनका समयबद्ध निस्तारण करने तथा पुलिसकर्मियों को अनुशासन एवं पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया।

➡ अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा अपराध नियंत्रण, जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय, सतर्कता एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई-किरण-

☐ मिशन शक्ति-6.0 अभियान के अंतर्गत परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई-किरण में 01 बिछड़े दंपति के बीच कराया गया समझौता।

☐ कुल 08 पत्रावलियों में दोनों पक्षों को बुलाकर की गई सुनवाई, आपसी सहमति से परिवार को पुनः जोड़ने का किया गया प्रयास।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक यातायात/नोडल अधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 03.11.2026 को थाना कोतवाली परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई-किरण में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कुल 08 पत्रावलियों में दोनों पक्षों को दूरभाष एवं नोटिस के माध्यम से सूचित कर मध्यस्थता हेतु बुलाया गया, जिसमें 07 पत्रावलियों में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान 02 दंपति आपसी कुशलता प्रकट करने हेतु उपस्थित हुए तथा 01 प्रकरण में काउंसलिंग एवं अथक प्रयासों के बाद दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर आपसी सहमति से समझौता कराया गया। उक्त प्रकरण में ससुराल पक्ष द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, गाली-गलौज करने, मारपीट करने तथा घर में न रहने देने संबंधी विवाद था।

इसके अतिरिक्त 01 पत्रावली अन्य कारणों से बंद की गई तथा शेष प्रकरणों में अग्रिम तिथि नियत कर दोनों पक्षों को सुनवाई हेतु नोटिस/दूरभाष के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

नई-किरण परियोजना का उद्देश्य पारिवारिक विवादों का आपसी सहमति एवं संवाद के माध्यम से समाधान कर बिखरते परिवारों को पुनः एक सूत्र में जोड़ना तथा माननीय पारिवारिक न्यायालयों में वादों के भार को कम करने में सहयोग करना है।

आज कराए गए समझौते का विवरणः

1. रंजना पत्नी जितेन्द्र, निवासी ग्राम बद्दोपुर, थाना कोतवाली, जनपद आजमगढ़।

इस अवसर पर प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन सुरेन्द्र कुमार दूबे, प्रभारी महेन्द्र प्रसाद तिवारी, उ0नि0 सत्यनारायण यादव, आरक्षी जितेन्द्र कुमार साह, आरक्षी सुनील कुमार गुप्ता, महिला आरक्षी संयोगिता कुमारी एवं महिला आरक्षी नेहा सिंह उपस्थित रहे।

कुल समझौते – 01

थाना कोतवाली, जनपद आजमगढ़

☐ आजमगढ़ पुलिस की तत्परता एवं त्वरित कार्यवाही से अस्पताल से लापता हुई बच्ची को चंद समय में सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलाया गया।

☐ पीआरवी 5386 एवं थाना कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही से अस्पताल से लापता हुई बच्ची सकुशल बरामद।

आज दिनांक 03.11.2026 को पीआरवी 5386 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि आसिया हॉस्पिटल, जुनैदगंज में उम्मेसीया पुत्री मुहम्मद अंसारी, निवासी खैराबाद, थाना मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद मऊ अपने परिजनों के साथ एंडोस्कोपी कराने आई थी। इसी दौरान असहज महसूस होने पर वह बाथरूम जाने के बहाने बाहर निकली तथा कुछ देर बाद लापता हो गई।

सूचना प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी बलरामपुर मय पुलिस बल द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए बच्ची की तलाश प्रारम्भ की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित खोजबीन करते हुए गुमशुदा बच्ची उम्मेसीया को विज्डम इंटरनेशनल स्कूल, हाफिजपुर के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया तथा आवश्यक कार्यवाही के उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

आजमगढ़ पुलिस की त्वरित कार्यवाही से बच्ची को सकुशल परिजनों से मिलाया गया।